अकबरपुर में पशु आरोग्य शिविर आयोजित

मोदीपुरम। पशुपालन विभाग और सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौधोगिक विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में हस्तिनापुर ब्लॉक के ग्राम अकबरपुर सादत में विकास खण्ड स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन कृषि विवि के कुलपति डॉ के के सिंह के कुशल दिशा-निर्देशन में हुआ। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ आर के शर्मा ने कहा कि कृषि विवि व विभाग के सहयोग से आयोजित शिविरों में पशुचिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा रोगी पशुओं का अति विशिष्ट उपचार एवं औषधि वितरण, रोग ग्रस्त पशुओं की अल्ट्रासाउण्ड मशीन द्वारा जाँच, कृत्रिम गर्भाधान एवं बॉझपन समस्या का निवारण, निःशुल्क पशु टीकाकरण, पशुधन बीमा की सुविधा, पशुपालकों को पशुओं की उन्नत तकनीक की जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध हो रही है। किसानों को पशुओं में होने वाली बीमारियों विशेषकर खुरपका मुंहपका रोग, गलघोटू, पेट के कीड़ों तथा वाह्य परीजीवियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अधिष्ठाता डा० राजीव सिंह ने कहा कि पशु को गन्दगी वाले स्थान में रखने से या पशु की प्रतिदिन साफ़ सफाई ना करने के कारण गर्भाशय में संक्रमण के साथ अन्य कई तरह की बीमारियाँ होने लगती है। मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो अमित वर्मा ने बताया कि पशुओं के गर्भाशय में संक्रमण होने से भ्रूण स्थापित नहीं हो पाता है, जिससे पशु गर्भधारण नहीं कर पाता है। साथ ही साथ पशु की भूख कम होने लगती है, हल्का ज्वर बना रहता है, धीरे-धीरे दुग्ध उत्पादन कम हो जाता है तथा पशु कमजोर होने लगता है। इसके उपचार हेतु पशु के गर्भाशय के मवाद को संकुचन से बाहर निकलवाने एवं सफाई के लिए आयुर्वेदिक दवाओं का प्रयोग किसी पशुचिकित्सक के द्वारा करवाना चाहिए एवं उचित परामर्श लेना चाहिए। पशुचिकित्साधिकारी बहसूमा डा ओम प्रीति ने बताया कि आरोग्य शिविर में 600 पशुओं की जाँच कर निशुल्क दवाओं जैसे खनिज मिश्रण, कृमिनाशक, हॉर्मोन, एंटीबायोटिक आदि दवाओं का वितरण प्रदेश सरकार तथा इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से किया गया। इस अवसर पर डा अमित वर्मा, डा अरबिन्द सिंह, डा अजीत कुमार सिंह, डा आशुतोष त्रिपाठी, डा विकास जायसवाल, डा एम् वी जितिन, डा ओम प्रीति, डा अशोक गिल, डा सोनिका ग्रेवाल, विनोद, ब्रजवीर, गोपाल, चंद्रपाल, प्रेमनाथ, लोकेश आदि उपस्थित रहे।

IFFCO
Wholly owned by Cooperatives
इफको परियोजना
IFFCO-TOKIO
GENERAL INSURANCE
ग्राम: अकबरपुर सादात
जिला: मेरठ
दिनांक: 02-02-24
“पश्चिमी उत्तर प्रदेश में डेयरी पुशओं के लिए
सचल पशु चिकित्सा सेवाएं”
“पश्चिमी उत्तर प्रदेश में डेयरी पुशओं के लिए
सचल पशु चिकित्सा सेवाएं”

IFFCO

सचल पशु चिकित्सा सेवाएं"
पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय,
पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,
इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव
इफको टोक्यो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी
IFFCO
IFFCO-TOKIO
IFFCO
DISPO VAN
SINGLE USE SYRINGES

600 पशुओं की निशुल्क जांच

मोदीपुरम। पशुपालन विभाग व सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के तत्वावधान में अकबरपुर सादत गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें 600 पशुओं की जांच कर निशुल्क दवाई का वितरण किया गया।

कृषि विवि के कुलपति डॉ. केके सिंह के दिशा-निर्देश में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आरके शर्मा, डॉ. राजीव सिंह, प्रो. अमित वर्मा, डॉ. ओम प्रीति, डॉ. अरबिन्द सिंह, डॉ. अजीत कुमार सिंह, डॉ. आशुतोष त्रिपाठी मौजूद रहे। संवाद